बिहार सरकार
**ग्रामीण कार्य विभाग**

**कार्यालय आदेश**

का0आ0सं0:–4/अ0प्र0–01–06/2025 328 /पटना दिनांक– 24.6.25

बिहार तकनीकी सेवा आयोग की विज्ञापन सं0–01/2019 के आलोक में कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित एवं ग्रामीण कार्य विभाग में आवंटित अभ्यर्थियों को विभागीय आदेश सं0–58 सहपठित ज्ञापांक–1493 दिनांक–03.02.2025 के द्वारा कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर नियुक्त किया गया है। तदोपरान्त विभागीय आदेश सं0–78 सहपठित ज्ञापांक–1871 दिनांक–16.02.2025 द्वारा विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित किया गया है। उक्त नियुक्ति पत्र संबंधी आदेश में नवनियुक्त कनीय अभियंताओं (असैनिक) को निदेशित किया गया है कि वे पदस्थापन आदेश निर्गत होने की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर निश्चित रूप से अपने पदस्थापित कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे, जिसकी अवधि समाप्त होने के उपरान्त विभागीय कार्यालय आदेश सं0–226 सहपठित ज्ञापांक–4656 दिनांक–28.04.2025 द्वारा योगदान समर्पित करने हेतु दिनांक–16.05.2025 तक के लिये अवधि विस्तारित किया गया था, जिसकी अवधि भी समाप्त हो चुकी है।

इसी क्रम में कतिपय नवनियुक्त कनीय अभियंताओं द्वारा विभिन्न कारणों यथा पूर्व के नियोक्ता के स्तर से स्वीकृत त्याग–पत्र/विरमन–पत्र निर्गत करने में विलम्ब, बीमारी एवं बाध्यकारी कारणों का उल्लेख करते हुये योगदान हेतु अवधि विस्तार करने से संबंधित अभ्यावेदन विभाग में समर्पित किया गया है।

अतः प्राप्त अभ्यावेदनों पर सम्यक विचारोपरान्त नियुक्ति पत्र संबंधी आदेश में दिये गये समयावधि को दिनांक–16.08.2025 तक विस्तारित किया जाता है। वैसे सभी नवनियुक्त कनीय अभियंता जिनके द्वारा अभी तक पदस्थापित कार्यालय में योगदान समर्पित नहीं किया गया है, उन्हें निदेशित किया जाता है कि वे अपने पदस्थापित कार्यालय में दिनांक–16.08.2025 तक निश्चित रूप से योगदान समर्पित करेंगे।

2. **प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।**

25/6/25

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव।

ज्ञापांक:–4/अ0प्र0–01–06/2025 6642 /पटना दिनांक– 25.6.25

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/6/25

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव।

P.T.O

Office Order

Shi

ज्ञापांकः– 4/अ0प्र0–01–06/2025 6642 /पटना, दिनांक– 24.6.25

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/नगर विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/पथ निर्माण विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/भवन निर्माण विभाग/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव।

ज्ञापांकः– 4/अ0प्र0–01–06/2025 6642 /पटना, दिनांक– 24.6.25

प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव।

ज्ञापांकः– 4/अ0प्र0–01–06/2025 6642 /पटना, दिनांक– 24.6.25

प्रतिलिपिः– संबंधित सभी नवनियुक्त कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव।

ज्ञापांकः–4/अ0प्र0–01–06/2025 6642 /पटना, दिनांक– 24.6.25

प्रतिलिपिः– आई0टी0मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव।

Office Order